SUNDAY | 16.09.2018
उत्तर प्रदेश
amarujala.com
अमर उजाला
राजधानी वर्ष 11 । अंक 81 । पृष्ठ : 26+8+4= 38 । मूल्य : चार रुपये लखनऊ • 7 राज्य • 1 केंद्रशासित प्रदेश • 20 संस्करण

आते-जाते हुए सब पर नजर रखता हूं
आज मनोरंजन
आदमी एक और जिंदगी दोहरी। दोस्त बनकर पहले जानकारी जुटाते हैं, फिर दुश्मनों तक पहुंचाते हैं।

2022 में अंतरिक्ष यात्री सहित यान भेजेगा इसरो

इंजीनियर्स-डे पर इसरो के वैज्ञानिक डॉ. श्याम कृष्ण पांडेय ने दी जानकारी

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। 2022 में इसरो भारत का पहला मानव सहित अंतरिक्ष यान करेगा। वहीं जनवरी 2019 में चंद्रमा पर इसरो अपना लैंडरोवर चंद्रयान-2 मिशन में उतार देगा।

शनिवार को इसकी जानकारी इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. श्याम कृष्ण पांडेय ने इंजीनियर्स-डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में दी। वह इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स, रिवर बैंक कॉलोनी में हुए आयोजन में मुख्य अतिथि थे। डॉ. पांडेय ने बताया कि इसरो अंतरिक्ष मिशन में कई बड़े कदम उठाने जा रहा है। मानव सहित अंतरिक्ष यान एक बड़ी सफलता होगी। चंद्रयान-2 मिशन में लैंडरोवर चंद्रमा की सतह पर जनवरी में उतारकर वहां हुए बदलाव के परीक्षण की जांच की जाएगी। इसके अलावा इसरो देश में आ रहे डिजिटल क्रांति से औद्योगिक बदलाव का सूत्रधार भी बन रहा है।

जनवरी 2019 में चंद्रमा की सतह पर लैंडरोवर उतारने की तैयारी

बिग डेटा, क्लाउड कंप्यूटिंग, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स, 3-डी प्रिंटिंग जैसी तकनीक हमारी जिंदगी पहले ही बदल रही है।

विशिष्ट अतिथि उप्र. राज्य विद्युत उत्पादन निगम के निदेशक (तकनीकी) बीएस तिवारी ने कहा कि वर्तमान में निगम की विद्युत उत्पादन क्षमता 7158 मेगावाट है। इसे अगले तीन सालों में बढ़ाकर 10,700 मेगावाट कर लिया जाएगा। इस दौरान यूपी लोक सेवा आयोग के पूर्व सदस्य अरविंद गुप्ता, संस्था के पूर्व अध्यक्ष वीबी सिंह, अध्यक्ष डॉ. भरत राज सिंह, सचिव आरके त्रिवेदी ने भी आधुनिक प्रोद्योगिकी पर अपने विचार रखे रखे।

कर्नाटक के भगीरथ थे विश्वेश्वरैया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लिमिटेड के सभापति वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया आधुनिक भारत के महान अभियंता थे। इसीलिए उन्हें फादर ऑफ इंजीनियर्स कहा जाता है। श्री तिवारी शनिवार को भारत रत्न व अभियंताओं के गौरव स्व. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया की जयंती पर यूपीसीएलडीएफ मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में अभियंताओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होने कहा कि कर्नाटक को विकसित व समृद्धशाली क्षेत्र बनाने में विश्वेश्वरैया का अभूतपूर्व योगदान है। इसीलिए उन्हें कर्नाटक का भगीरथ भी कहते हैं। उन्होंने कहा कि सभी अभियंता उनके जन्मदिन पर यह तय करें कि पिछली सपा-बसपा सरकारों में संस्था की जो छवि धूमिल हुई है, उसे सुधारना होगा। संस्था की शाख पर बट्टा न लगे, इसके लिए अभियंताओं के साथ ही सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को कड़ी मेहनत कर अच्छा निर्माण कार्य करना होगा। मुख्य अभियंता श्री राजीव सिन्हा, राजेंद्र श्रीवास्तव, रोहित कुमार, सुनील सिंह समेत अभियंतागण मौजूद रहे।

अभियंता दिवस के रूप में मना डॉ. मोक्षगुंडम विश्वेश्वरैया का जन्मदिन